श्री म० ला० द्विवेदी : पिछले सेशन में मंत्री महोदय ने उत्तर देते हु यह बतलाया था कि जमना बाजार के लोगों के लिये किलोकरी में एक कालोनी बनायी गयी थी और वहां बिजली की और दूसरी सुविधायें देने का प्रबन्ध किया जा रहा है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या वहां बिजली, पानी और पोस्टल व्यवस्था का प्रबन्ध हो गया है ?

श्री करमरकर : मेरा खयाल है कि वहां इन्तिजाम हुआ है, सबजेक्ट टू करेक्शन, क्योंकि कोई तीन सौ फैमिलीज को वहां भेजा जा चुका है : मैं समझता हूं कि अगर वहा बिजली आदि की सुविधा न होती तो हम उनको नही भेज सकते थे। निश्चित रूप से मैं बाद में बतला सकता हूं।

Shri Gajendra Prasad Sinha: The hon. Minister said that there are some unauthorised persons round the Asoka hotel. Is it not proper to make some temporary arrangement in view of the fact that Government may ask them to go away from there? But, now there are plenty of people. Is it not possible to make some temporary arrangement for sanitation?

Mr. Speaker: That is a suggestion for action.

Shri Karmarkar: Yes.

Acquisition of Vessels from Germany

***588. Shri Raghunath Singh:** Will the Minister of **Transport and Communications** be pleased to state whether it is a fact that Indian Steamship Company Ltd., Calcutta had acquired 12 motor cargo vessels of about 11,500 D. wt each from West Germany?

The Minister of State in the Ministry of Transport and Communications (Shri Raj Bahadur): The India Steamship Co. Ltd., Calcutta have, since the beginning of the First Five Year Plan, placed orders for the construction of 10 motor cargo vessels of 11,500 dwt. each on a West German yard. Five of these ships have already been delivered and the remaining five are under various stages of construction.

श्री रघुनाथ सिंह : मैं यह जानना चाहता हूं कि इनमें से किसी एक जहाज की कीमत क्या होगी, और यह कि हिन्दुस्तान में विशाखापतनम में जो जहाज बनते हैं उनसे इनकी कीमत ज्यादा है या कम ?

श्री राज बहादुर : कुल कीमत क्या है यह तो मैं बतला सकता हूं किन्तु प्रत्येक जहाज की या किसी एक जहाज की कीमत फौरन नहीं बतला सकता।

श्री रघुनाथ सिंह : मैं तो सिर्फ यह जानना चाहता हूं कि विशाखापतनम में जो जहाज आप तैयार कराते हैं उन जहाजों की अपेक्षा जरमनी के ये जहाज सस्ते हैं या महंगे ?

श्री राज बहादुर : निश्चित रूप से सस्ते हैं।

श्री म० ला० द्विवेदी : मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार इस बात का कोई प्रबन्ध कर ही है कि जो हमारे यहां जहाज बनते हैं वे विदेशी जहाजों से सस्ते होने लगें ?

श्री राज बहादुर : जरमनी के जहाज सस्ते हैं और उनकी अपेक्षा विशाखापतनम के बने जहाज महंगे हैं।

श्री म० ला० द्विवेदी : मैं यह पूछ रहा हूं कि विशाखापतनम में जो जहाज बनते हैं वे सस्ते होने लगें क्या इस के लिये कोई व्यवस्था की जा रही है ?

श्री राज बहादुर : जो शिपयार्ड का मैनेजमेंट है वह इस बात का निरंतर ध्यान रखता है और सस्ते जहाज बनाने की व्यवस्था करने की चेष्टा करता है।

Bhakra Dam

***589. Shri Ram Krishna:** Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to refer to the reply given to